**एक नजर में**

## इच्छुक अभ्यार्थी ऑनलाइन करें आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय मिशन ऑन इडिबल ऑइल तिलहन योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत तेल निष्कर्षण इकाइयों 10 टन क्षमता एवं तिलहनों के प्रसंस्करण हेतु मशीनरी एवं उपकरण घटक की स्थापना हेतु इच्छुक सार्वजनिक उद्योग, एफपीओ, सहकारी समितियाँ एआईएफ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।**

प्रोजेक्ट लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम राशि 9,90,000 रूपये का अनुदान इकाइयों की स्थापना में भूमि व भवन के लिए सहायता प्रदान नहीं की जाएगी और न ही परियोजना लागत की गणना करते समय उनकी लागत पर विचार किया जाएगा तथा एआईएफके माध्यम से 3 प्रतिशत ब्याज छूट हेतु लोन स्वीकृत कराने संबंधी कार्यवाही की जाना है। एआईएफ के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से तेल प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु आवेदनों को स्वीकार किया जा सकता है। अत: इच्छुक सार्वजनिक उद्योग, एफ पीओ, सहकारी समितियाँ एआईएफ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। सार्वजनिक उद्योग, एफपीओ, सहकारी समितियाँ एआईएफ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# सामान्य ज्ञान के 1955 बच्चों में 200 हुए चयनित

**प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ कुल 200 को मिला सम्मान**

**सीनियर एवं जूनियर प्रतिभागियों में 100-100 टॉप**









**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। शहर में बते दिनों पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक वृहद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। इसमें कुल 1955 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता में 100 सीनियर एवं 100 जूनियर छात्र-छात्राओं को टॉप मानकर उन्हें चयनित किया गया। इसके साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी अलग से चुने गए। जिन्हें बढ़े-बढ़े उपहार दिए गए।**

समिति के सदस्य शुभम जैन होण्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की मुख्य आयोजक श्रीमती शशि प्रभा सुनील जैन होण्डा के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसमें जिले भर के बच्चों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इतना ही नहीं उत्तरप्रदेश के बच्चे भी प्रतियोगिता में प्रतिभागी बने।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर पूरी टीम ने मेहनत की तब कहीं जाकर यह कार्यक्रम आज सफलता की ओर है। रविवार को इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूरे 1955 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भेंट किए गए। साथ ही 100-100 टॉपरों को अलग से गिफ्ट दिए गए। जिससे उनका हौसला बढ़े उन्हें यह न लगे कि उनके कम नंबर आए हैं तो उनका सम्मान नहीं होगा। यहां इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सिर्फ यही है कि सभी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनकी अच्छी शिक्षा की ओर उन्हें अग्रेसित करना है।

समापन के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश युवा महामंत्री राहुल तिवारी, समाजसेविका श्रद्धा चौहान, मनोज देवलिया सहित अनेक लोगों ने मंच साझा किया।

प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी ने कहा कि निश्चित ही यह प्रतियोगिता एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता है, जिसमें हजारों बच्चों ने भाग लिया है। मैं समिति से यही कहूंगा कि इस युवा की जहां भी जरूरत पढ़े मुझे याद करें।

### लक्ष्य विहीन पढ़ाई से बचें : केके

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बहुत अच्छा कार्यक्रम मुझे लगता है कि समान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों में, हमारे छोटे-छोट बच्चों में जागरुकता आई है। बच्चों में एक अच्छा वातावरण बना और वो है अपने भविष्य को सुधारने के लिए हम आगे बढ़े। विभिन्न स्थानों पर परीक्षा आयोजित हुई टीम ने एक अच्छा काम किया। मित्रों में कहना चाहता हूं जीवन जीने का एक लक्ष्य होना चाहिए, एक उद्देश्य होना चाहिए, हम पढ़ रहे हैं क्यों पढ़ रहे हैं पता नहीं। हमारा कोई उद्देश्य ही नहीं है, एक उद्देश्य विहीन। जब तक हम अपना लक्ष्य तय नहीं करते कि हमें ये करना है तब तक हम सफलता प्राप्त कर नहीं सकते। इसलिए मेरा बच्चों आप सबसे कहना है कि पढ़ाई के साथ-साथ आप सबको अपना उद्देश्य तय करना चाहिए, अपना लक्ष्य तय करना चाहिए कि हमको डॉक्टर बनना तो बनना। उसी हिसाब से हम मेहनत करें। ...न हो साथ कोई सफलता तुम्हारे कदम चूम लेगी एक बार लक्ष्य तो तय करो। गंगा का भी लक्ष्य है कि समुद्र में जाकर मिलना है। इसलिए हम लक्ष्य को तय करके पढ़ाई करेंगे निश्चित ही सफल होंगे।

**टीकमगढ़ जिले की डायरी**

### साहब के दौरे पर दौरे, लेकिन नतीजा शून्य

साहब के दौरे पर दौरे, लेकिन नतीजा शून्य । यह बात इसलिए कहनी पड़ रही है क्योंकि जब साहब ने एक वर्ष पहले जिले की जिम्मेदारी संभाली थी, तब से आज तक उनके दौरे किसी से छिपे नहीं वह एक या दो दिन में कोई न कोई विकास का प्लान तैयार करने में लग जाते हैं, परन्तु अब कमी कहां आ रही है यह तो साहब ही बता सकते हैं। क्योंकि उनके दौरे निर्देशों का पालन जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। साहब ने महेन्द्र सागर तालाब की तस्वीर बदलने का जिम्मा उठाया पर एक साल बीत जाने के बाद महेन्द्र सागर तालाब से लेकर पीजी कॉलेज तक एक ईंट भी नहीं लगी। फिर साहब यह कैसा सपना नगरवासियों को दिखाया जा रहा। आम लोग आपको विकास की नजर से देखते है आपके आने के बाद लोगों में उम्मीद जगी थी कि कुछ अच्छा होगा। सच में महेन्द्र सागर तालाब की तस्वीर बदलेगी, लेकिन अब तक यहां कुछ नहीं हुआ। शहर का नागरिक होने के नाते आपसे गुहार लगाता हूं कि साहब जो सपना हमको दिखाया था उसे साकार कराकर दिखाईए।

### सजातीय बंधू की अतिक्रमणकारी पर मेहरबानी

गोचर भूमि पर अतिक्रमण करके निर्माण किए गए प्राईवेट स्कूल को हटा पाना अब जिले के मुखिया के बस की बात नहीं, क्योंकि इस अतिक्रमणकारी को सागर संभाग के कमिश्नर दफ्तर में बैठे सजातीय बंधू का खुला संरक्षण है। इनकी मेहरबानी के कारण गोचर भूमि पर से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। सवाल यही है कि क्या कोई गरीब तबके का व्यक्ति एक झोपड़ी डालकर ऐसी गोचर भूमि पर रहने लगता तो उसे भी ऐसा खुला संरक्षण दिया जाता है, परन्तु ऐसा नहीं होता उसके यहां सबसे पहले मोहन सरकार का बुलडोजर पहुंचता। कमिश्नर कार्यालय में बैठे साहब आपकी ईमानदारी पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं आपको चाहिए कि ईमानदारी की मिशाल पेश कर सजातीय बंधू के अवैध अतिक्रमण को हटवाकर गोचर भूमि को मुक्त करना होगा।

### ...आखिर में बात भाजपा कार्यकारिणी की...

...आखिर में बात कर लेते भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी की। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के कई जिलों की कार्यकारिणी का गठन कर दिया है, परन्तु टीकमगढ़ में आज भी इसका गठन नहीं हो पा रहा है। इसके पीछे स्पष्ट कारण क्या है यह तो भाजपा बता पाएगी, परन्तु जिले में चर्चा है कि आपसी तालमेल ठीक न होने के कारण जिले की कार्यकारिणी गठन में परेशानी आ रही है।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# संत रविदास जी की 649वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**नवभारत न्यूज पलेरा। सामाजिक समरसता के प्रतीक संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती नगर परिषद पलेरा में बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर संत रविदास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।**


कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने उपस्थित अतिथियों, संतों और नागरिकों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत-सत्कार किया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाया था। मन चंगा तो कठौती में गंगा का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय मोर, विक्की बरसैय्या, विश्वदीप चौहान, मलखान यादव, अवधेश रावत और इकरार खान ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक अहिरवार ने भी संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षों को याद किया। इस अवसर पर , राज नपित और कमलेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज कल्याण का संकल्प लिया। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा किए गए इस स्वागत-सत्कार की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

## आज होगी संयुक्त कार्यालय में टीएल बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# जिला जेल टीकमगढ़ का किया गया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला जेल में अधीक्षक यजुवेन्द्र वाघमारे के निर्देशन में शहीद दिवस मनाया गया। यह दिन महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी जी को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा गया।**

जेल अधीक्षक यजुवेन्द्र वाघमारे ने गांधीजी के विचारों और आदर्शों के बारे में बताया कि शहीद दिवस महात्मा गांधीजी को याद करने का दिन है। साथ ही यह उन सभी वीरों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह दिन हमें त्याग, बलिदान और देशभक्ति की भावना से जोड़ता है। शहीद दिवस हमें याद दिलाता है कि आजादी यूं ही नहीं मिली है। इसके पीछे अनगिनत कुर्बानियां हैं। यह दिन हमें सिखाता है कि सत्य, अहिंसा और एकता ही किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होती है।

## ग्रामीण स्वरोजगार के तहत हुआ प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बड़ी गल्ला मंडी के सामने, ढोंगा रोड टीकमगढ़ में 38 दिवसीय कम्प्यूटर आकउटिंग प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में विभिन्न ग्रामों से आयी हुयी 27 महिलाओं, युवतियों को 38 दिन तक मास्टर ट्रेनर अनमोल यादव द्वारा प्रशिक्षणर्थियों को विभिन्न प्रकार के कम्प्यूटर से सम्बन्धित कार्य सीखयें गये।**

समापन समारोह में डायरेक्टर विवेक रघुंवशी, फैकल्टी दुर्गेश कालरा, विवेक विष्वकर्मा आफिस असिस्टेंट मोहम्मद आकिल, सोवरन रैकवार मौजूद रहे। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बड़ी गल्ला मंडी के सामने, ढोंगा रोड में 38 दिवसीय कम्प्यूटर आकउटिंग प्रशिक्षण का समापन हुआ।

# नशा लोगों को शारीरिक, मानसिक रूप से देता है क्षति



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड एवं जिला के तत्वाधान में ग्राम स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति समर्रा एवं परा खास ने शासन द्वारा चलाये गए ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने व उन्हें लाभान्वित करवाने की जानकारी दी गई।**

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, जैविक खेती नागरिक कर्तव्यों का पालन,सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, शिक्षा-संस्कार एवं गौ संरक्षण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दमक समाजसेवी संस्था समिति सचिव रामसहाय मिश्रा ने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे ग्राम विकास पखवाड़े के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के उद्देश्यों को सभी के समक्ष रखा।

साथ ही समाज में व्याप्त नशा खोरी शारीरिक,मानसिक एवं आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, नशे के खिलाफहम सब को एक मत होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी तभी हम ग्राम विकास की वोर प्रभावी तौर पर बढ़ सकेंगे। कार्यक्रम में समिति सचिव ने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार लोगों के जन्म से लेकर मृत्यु पश्चात तक को ध्यान रखकर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। हमें उनकी जानकारी होनी चाहिये, जिनका लाभ ग्रामवासियों को मिले। इसके लिए कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम समिति सचिव एवं आशा कार्यकर्ता के साथ में सुनील पाल जयराम पाल, देव साहू एवं मेंटर्स तथा ग्राम वासियों ने सक्रिय सहभागिता की।

# कृषि दल ने ग्राम कोड़िया में देखी फसलें, किसानों से मुलाकात

**राष्ट्रीय नवाचार परियोजना के तहत हुआ भ्रमण**

**बाहरी वैज्ञानिकों ने बताए किसानी के तरीके**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में विगत दिवस वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति एवं परियोजना अधिकारी जयपाल छिगारहा के साथ कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर से आये परियोजना निरीक्षण अधिकारी शिवम मिश्रा ने जलवायु जलवायु समुत्थानुशील कृषि में राष्ट्रीय नवाचार परियोजना अंतर्गत अंगीकृत ग्राम कोड़िया का भ्रमण किया।**

भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलये जा रहे जलवायु समुत्थानुशील कृषि में राष्ट्रीय नवाचार परियोजना किये जा रहे बदलते में मौसम में कृषि में समुत्थानुशील कृषि तकनीकियों के प्रयोगों से जिले में भविष्य के कृषि तकनीकी के परिणामों से कृषि विकास एवं किसान कल्याण सुनिश्चित करने के लिए पिछले 5 वर्षों से चलाया जा रहा है जिसमें प्रमुख फसलों की जलवायु अनुकूल गेहूँ की ऊष्मा रोधी किस्म, शून्य जुताई, चने में जैविक दवाब अवरोधी किस्में, सरसों की कम पानी एवं ऊष्मा अवरोधी किस्मे एवं खरीफ की प्रमुख फ़सलो की जलवायु अनुकूल किस्मों का प्रधाशन तथा पशुपालन में बकरियों एवं मुर्रा भैस में प्रजाति उत्कीर्णन इसी प्रकार वर्षा जल संरक्षण जैसे खेत तालाब, पर्कोलेशन टैंक, सामुदायिक तालाब एवं खुला कुआँ रिचार्ज आदि का भ्रमण कर किसान संगोष्ठी के माध्यम से किसनों से परिचर्चा किया तथा किसानों के खेतो मे भ्रमण कर बदलते मौसम में फसलों में रोग, कीट और मौसम से बचाव की सलाह दिया। भ्रमण के दौरान डॉ. आरके प्रजापति द्वारा बताया कि गेहूं की फेसल में पीला, भूरा या धारीदार रतुवा रोग जिसमें पत्तियों पर ऐसे रंग के धब्बे बनते है के उपचार के लिए प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी की एक मिलीलीटर मात्रा प्रति लीटर के हिसब्ब से घोल कर 10-12 दिन के अंतर पर छिडकाव बालियाँ निकलते समय करें, अगर पत्तियों व तने पर सफेद रूई जैसी परत नजर आती है तो ये चूर्णिल आसिता रोग है जो गेहूं की फ़सल में नमी व सिंचिंत क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है।

**मौसम**

**अगले दो दिन में बारिश की संभावना**

# मौसम विभाग का अनुमान गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अगले दो दिन गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। इसके बाद बुधवार से शनिवार तक मौसम साफ रहेगा। हाल ही में दिन और रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है।**

शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार के 21.2 डिग्री से 1.3 डिग्री अधिक था। वहीं, रात का न्यूनतम तापमान शुक्रवार को 10.8 डिग्री था, जो शनिवार को बढ़कर 14 डिग्री सेल्सियस हो गया। रविवार को दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई, जबकि शनिवार को आसमान में बादल छाए रहे।मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार और मंगलवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। सोमवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहने का अनुमान है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है। इसके बाद बुधवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है। आगामी बुधवार से लेकर शनिवार तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 से 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री के बीच रह सकता है। शनिवार को दिनभर सर्द हवाएं चलीं और रात में ओस गिरने से फसलों को फायदा हुआ। किसानों ने बताया कि अब तक का मौसम फसलों के लिए अच्छा रहा है। इस बार गेहूं, चना, मटर, सरसों और मसूर की फसलें अच्छी हैं। सब्जियों की पैदावार भी बेहतर हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि आगामी दिनों में केवल बारिश होती है तो फसलों को नुकसान नहीं होगा। इससे पहले शुक्रवार को दिनभर सर्द हवाएं चलती रहीं, जिसके कारण दिन का तापमान 22 डिग्री से घटकर 21.02 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, रात का तापमान 9.5 डिग्री से बढ़कर 10.8 डिग्री दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि होने का अनुमान है। रविवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक पहुंच सकता है। सोमवार को भी अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहने का अनुमान है।

### न्यूनतम तापमान 10 .8 डिग्री हो रहा दर्ज

भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 20 .4 और न्यूनतम तापमान 13 .02 डिग्री दर्ज किया गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 .5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21 .2 और न्यूनतम तापमान 10 .8 डिग्री दर्ज किया गया।

## बंदियों को स्व रोजगार से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के द्वारा जिला जेल में बंदियों के स्व रोजगार हेतु पुरुष वार्ड में सिलाई प्रशिक्षण एवं महिला वार्ड में बी-क्लव की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रावत के सहयोग से स्थापित सिलाई एवं ब्यूटिशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।**

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास के द्वारा बंदियों को संबोधित करते हुए सिलाई एवं ब्यूटिशियन प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया ताकि बंदीजन आत्मनिर्भर बन सके। नि:शुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, शिक्षा का मौलिक अधिकार है।

# 2 फरवरी तक जमा होंगे आवेदन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर बेलर एवं स्ट्रॉ रीपर के आवेदन 2 फरवरी तक आमंत्रित किये जा रहे है। साथ ही लॉटरी 3 फरवरी को सम्पादित की जायेगी। आवेदन के साथ कृषक स्वयं के बैंक खाते से राशि का डिमांड ड्राफ्ट डीडी सहायक कृषि यंत्री,छतरपुर के नाम से बनवाकर जमा करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि के बिना आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा। योजना अंतर्गत कृषि यंत्र बेलर हेतु राशि रू. 15,000 का डिमांड ड्राफ्ट में डीडी तथा कृषि यंत्र बेलर हेतु राशि रू. 10,000 का डिमांड ड्राफ्ट डीडी बनवाना पड़ेगा।**

बेलर यंत्र की सहायता से हार्वेस्टर से फ़सल की कटाई उपरांत खेत में खड़े 8-9 इंच लंबे फ़सल अवशेष, नरवाई को काट कर बंडल बना देता है, जिसे कृषक फसल अवशेष संग्रहण केंद्र ने 300 रूपये प्रति कुंटल की दर से विक्रय कर सकते है। इसके उपयोग से कृषक को खेत में आग लगाने की आवश्यकता नहीं होती हैं। स्ट्रॉ रीपर यंत्र हार्वेस्टर से फ़सल की कटाई उपरांत खेत में खड़े फसल अवशेष, नरवाई को काट कर बारीक पीस कर भूसा बना देता है जिसे कृषक पशु आहार के लिए रखने के साथ गौशालाओं में भूसा विक्रय कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते है। दोनों यंत्रों में कृषकों को अनुदान की पात्रता है।

बेलर यंत्र की अनुमानित कीमत 12 लाख से 14 लाख है, जिसमें सीमांत एवं लघु वर्ग अधिकतम 6 लाख रूपये तथा अन्य वर्ग के अधिकतम 4.80 लाख अनुदान की पात्रता है। साथ ही स्ट्रॉ रीपर यंत्र की अनुमानित कीमत 3 लाख से 3.5 लाख है, जिसमें सीमांत एवं लघु वर्ग को अधिकतम 1.5 लाख रूपये तथा अन्य वर्ग को एक लाख रूपये की अनुदान की पात्रता है।